पांच साल पुराने अंधे कत्ल मामले में घरघोड़ा पुलिस को मिली सफलता : अंधे कत्ल का फरार आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

❒ घरघोड़ा के कसैया पुल के पास रक्तरंजित मिला था अज्ञात महिला का शव

❒ गढ़वा झारखंड से मजदूरी करने आई महिला की हत्या के बाद बड़ी मुश्किल से हुई थी शिनाख्त

❒ आरोपी के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही थी महिला, हत्या कर फरार था आरोपी

❒ मामले में अहम सबूत जुटाने क्राइम सीन रीक्रिएशन कराकर आरोपी से जब्त किया गया घटना में प्रयुक्त हथियार

रायगढ़। जिले के लंबित अपराधों को लेकर एसपी अभिषेक मीणा बेहद गंभीर रहे हैं। उनके महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना, चौकी प्रभारियों को अनसुलझे मामलों में लगातार सफलताएं प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तकनीकी साक्ष्य एवं उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग कर पांच साल पुराने अंधे कत्ल के मामले में #घरघोड़ा पुलिस ने महिला के हत्यारे को हैदराबाद से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया है, गवाहों के समक्ष आज क्राइम सीन रीक्रिएशन कराकर आरोपी से घटना में प्रयुक्त हथियार (चाकू) एवं अन्य अहम साक्ष्यों की जप्ती कर आरोपी को हत्या एवं हत्या के साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

क्या था मामला-

थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम कसैया वार्ड क्रमांक 01 में रहने वाने हरिराम राठिया (उम्र 62 वर्ष) ने 23 अक्टूबर को थाना घरघोड़ा में उसके खेत में अज्ञात महिला उम्र करीब 30-35 वर्ष का शव पड़े होने की सूचना दिया था। सूचना पर तत्काल घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल पर महिला का शव पड़ा था, महिला की हत्या अज्ञात आरोपी द्वारा गला रेत कर किये जाने के निशान मौजूद थे, मौके से मृतिका का बैग जिसमें उसके कपड़े वगैरह रखे थे, जप्त किया। तत्समय घरघोड़ा पुलिस द्वारा अज्ञात महिला की शिनाख्तगी का काफी प्रयास किया गया जो बेसुध रहा। मर्ग जांच में पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर मामले में अज्ञात आरोपी पर हत्या का अपराध दर्ज किया गया।

अपराध अनुसंधान के दौरान नावापारा टेण्डा, घरघोड़ा में रहने वाली महिला श्रीमति कांतिबाई महंत ने मृतिका का फोटो व जप्तसुदा समानों को देखकर मृतिका की पहचान उसके किराये मकान में रहने वाली काजल महतो के रूप में की। मामले की महत्वपूर्ण गवाह कांतिबाई महंत बताई कि काजल उसके पति अनिल के साथ रहती थी, छठ पूजा गांव में मनायेंगे कहकर दोनों गांव जाने के नाम से निकाले थे। पुलिस दोनों के संबंध में जानकारी जुटाई, पता चला कि दोनों घरघोड़ा क्षेत्र में रेल्वे नवनिर्माण कार्यो में मजदूरी का काम करते थे। दोनों रायगढ़ के ना होकर झारखंड या बिहार के रहने वाले थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा स्वयं अपराध डायरी की समीक्षा कर तत्कालीन थाना प्रभारी घरघोड़ा को महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन दिया गया। पुलिस टीम मृतिका और उसके साथ रहने वाले अनिल के संबंध में पूरी जानकारी जुटाने में फोकस कर अपनी जांच को आगे बढ़ाई। जांच दौरान पूर्व में पुलिस टीम डाल्टनगंज (झारखंड) अनिल की पतासाजी में गई थी, अनिल उसके पते से नदारद मिला। एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन पर जब संदेही अनिल का लोकेशन सर्विलांस में रखा गया तो पाया गया कि अनिल लगातार अपना मोबाइल नम्बर बदल रहा है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों को जोड़ते हुए संदेही का पता लगाया गया जिसके हैदराबाद में होने की पुख्ता जानकारी मिलने पर तत्काल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में पुलिस टीम हैदराबाद रवाना हुई। जहां कुछ दिन कैम्प कर आरोपी पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया।

संदेही अनिल चंद्रवंशी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर काजल महतो (उम्र 30 वर्ष) निवासी गढवा (झारखंड) के साथ मित्रता के संबंध होना बताकर घटना कारित करने से साफ इंकार कर दिया, जिससे सख्ती से पूछताछ करने पर स्वयं को विवाहित होना एवं मृतिका काजल महतो के द्वारा अपनाने और साथ रखने का दबाव बनाने पर उसे रास्ते से हटाने के लिये हत्या कर फरार हो जाना बताया और घटना का सम्पूर्ण वृतांत बताया गया।

आरोपी ने गुनाह कबूला-

आरोपी अनिल चंद्रवंशी पिता विनोद चंद्रवंशी उम्र 36 वर्ष सा. मझगवां थाना रोहतास जिला रोहतास (बिहार) के अपराध की स्वीकारोक्ति के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस आरोपी को साथ घटनास्थल लेकर पहुंचे। जहां उसके साथ पूर्व में काम करने वाले एवं किराये मकान मालिक, गवाहों ने अनिल चंद्रवशी को पहचाना। गवाहों के समक्ष पुलिस ने क्राइमसीन री कंन्स्ट्रक्शन कराकर पूरी विडियोग्राफी कराते हुए आरोपी से घटनास्थल के समीप छिपाये हुये, चाकू जप्त किया गया।

आरोपी अनिल चंद्रवशी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2017 में घरघोड़ा में रहकर सेट्रिंग मिस्त्री का काम करता था। इसके साथ रहने वाले दोस्त के माध्यम से काजल महतो निवासी गढ़वा जो कि घरघोड़ा में कहीं रहकर मजदूरी का काम करती थी उसका मोबाईल नंबर मिला। दोनों क्षेत्रीय होने से आपस में बातचीत करने लगे और मिलने लगे। कुछ दिनों बाद काजल साथ रखने का दबाव बनाने पर अनिल उसे अपनी पत्नी बताकर नवापारा टेण्डा में किराया मकान लेकर रहने लगा।दोनों साथ पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। इसी बीच अनिल के साढू का एक्सीडेंट होने से गांव चला गया जिसे काजल बार-बार फोन कर घरघोड़ा बुलाती थी और नहीं आने पर स्वयं गांव पहुंचने की धमकी देती थी, जिससे काफी परेशान हो गया। उसने काजल महतो को संबंधों को खत्म करने के लिये बाला किन्तु वो तैयार नहीं थी। अनिल चंद्रवशी माह अक्टूबर 2017 को छठ त्यौहार के लिये अकेले गांव घर जाने तैयारी कर रहा था तो काजल अकेले नहीं जाने दूंगी कहकर जीद की जिसे बिहार साथ ले जाने का दिलाशा देकर उसके हत्या की सजिश रच कर एक चाकू अपने साथ बैग में छिपाकर रखा और दोनों 22 अक्टूबर को किराये घर से पैदल धरमजयगढ़-पत्थलगांव रोड़ तरफ बातचीत करते आगे बढ़े, रात्रि करीब 09.00 बजे घरघोड़ा सरकारी अस्पताल के कुछ दूर आगे सुनसान रास्ते में अनिल ने काजल महतो का गला रेतकर हत्या कर दिया और पकड़े जाने के डर से काजल के कुछ सामनों और खून से सने चाकू और को पानी से धोकर पुल के कुछ दूर खेत किनारे बबुल पेड नीचे मिट्टी खोदकर गाड़ दिया था। आरोपी के मेमोरंडम पर चाकू व अन्य साक्ष्य जप्त किये गये हैं। एसपी मीणा तथा एएसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन पर अंधे कत्ल के पटाक्षेप में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस, सहायक उप निरीक्षक विल्फ्रेड मसीह, प्रधान आरक्षक डोलनारायण साव, आरक्षक पुरूषोत्तम सिदार, महेश पंडा(सायबर सेल), उधो पटेल, बीरबल भगत की सराहनीय भूमिका रही है।

महत्वपूर्ण एवं खास

पहली बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगी नई प्रदेश प्रभारी सैलजा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की नई प्रभारी कुमारी सैलजा 25 दिसंबर को तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर आएंगी। प्रदेश प्रभारी बनने के बाद कुमारी सैलजा का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने बताया कि कुमारी सैलजा 25 दिसंबर को शाम 8:00 बजे रायपुर पहुंचेगी। 26 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला अध्यक्ष समेत मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रमुखों की बैठक लेगी। फिर अगले दिन 27 दिसंबर को सुबह 9 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगी।

मौसम में हुआ बदलाव :आने वाले दिनों में ठंड होगी कम

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में फिर एक बार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है. अभी तक उत्तर से ठंडी और शुष्क हवा आने के कारण ठंड बढ़ गई थी, लेकिन अब हवा की दिशा उत्तर पश्चिम से होने के कारण मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है. ठंड में भी कमी आई है. प्रदेश के शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री तक वृद्धि हुई है. मौसम विभाग की माने तो शुक्रवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना है. इसके साथ ही प्रदेश के न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा. प्रदेश का मौसम पूर्वानुमान: मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया प्रदेश में उत्तर पश्चिम से हवा का आगमन हो रहा है. शुक्रवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा. इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की भी कोई संभावना नहीं दिख रही है. लेकिन न्यूनतम तापमान में बढ़ सकता है. गुरुवार को प्रदेश के अंबिकापुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया है।

कार और बाईक में जबरदस्त भिड़ंत, कार के उड़े परखच्चे

जशपुर (आरएनएस)। कोतवाली थाना क्षेत्र के चांपा टोली में एक कार और बाईक के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने की खबर प्रकाश में आई है।जानकारी के मुताबिक कार कुनकुरी की ओर से जशपुर की ओर आ रही थी और बाईक सवार युवक जशपुर से कुनकुरी की ओर जा रहा था तभी चांपा टोली के पास कार अनकंट्रोल हो गई और सीधे बाईक को टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार को जहां गंभीर चोटें आई हैं वही कार के परखच्चे उड़ गए हैं।बताया जा रहा है कि कार सवार लोगो को चोट नहीं लगी ही । कार कोरबा से आ रही थी। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बाईक सवार युवक कौन था। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्सप्रेस वे पुल के नीचे पंडरी में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक्सप्रेस वे पुल के नीचे पंडरी में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी ईजहार खान 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एनएसएस कैंप और वार्षिक महिला अधिवेशन में कोतरारोड़ पुलिस लगाई जन चौपाल

❒ कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने दी विविध अपराधों की जानकारी और बताये साइबर क्राइम से बचाव के उपाए

रायगढ़। दिनांक 24.12.2022 को थाना कोतरारोड़ अंतर्गत ग्राम उच्चभिट्टी में एनएसएस कैंप तथा ग्राम कोसमपाली में वार्षिक महिला अधिवेशन कार्यक्रम में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा "जन चौपाल" कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं तथा युवती, महिलाओं को विविध अपराधों की जानकारी एवं बचाव के उपाए देकर उन्हें जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से बालकों के अधिकारों की जानकारी दिया गया तथा महिला सुरक्षा संबंधी "अभिव्यक्ति ऐप", हेल्प लाइन नम्बर डॉयल 112 की जानकारी देकर उसके उपयोगिता के संबंध में बताये। वार्षिक महिला अधिवेशन के कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने युवतियों को महिला संबंधी अपराध- अनाचार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, मारपीट, टोनही, दहेज प्रताडना, अपहरण, बाल विवाह, मानव तस्करी, एसिड अटैक, लैंगिक व साइबर अपराधों की जानकारी देकर पीड़ित को प्राप्त होने वाली सहायता, क्षतिपूर्ति के संबंध में जानकारी दिया गया और ऐसी घटनाओं की शिकायत थाने में कर आरोपी को सजा दिलाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतरारोड़ के हाथों उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवती को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

नए मेडिकल कालेज खोलने पर काम करेंगे, आईटीआई के उन्नयन के लिए भी हो रहा काम - मुख्यमंत्री

❒ बाबा गुरु घासीदास ने समानता का उद्घोष करते हुए दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश

❒ मुख्यमंत्री ग्राम दैमार में गुरु घासीदास जी की जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मेडिकल शिक्षा की अधोसंरचना मजबूत हुई है। इसे और आगे बढ़ाते हुए नये मेडिकल कालेज आरंभ करेंगे। हमने आईटीआई के माध्यम से नये ट्रेड्स द्वारा कौशल विकास का निर्णय कर इसके लिए कार्य आरंभ कर दिया है। शिक्षा की मजबूती से ही समाज की मजबूती है और यह हम प्राथमिकता से कर रहे हैं। वे आज दुर्ग जिले के ग्राम दैमार में आयोजित बाबा गुरू घासीदास की जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आगे कहा कि विवेकानंद और राजा राममोहन राय जैसे मनीषियों ने देश में विज्ञान की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए अंग्रेजी शिक्षा की बात कही क्योंकि विज्ञान की अधिकतर बातें अंग्रेजी में थीं। हमारे बच्चे भी वैश्विक भाषा से पीछे नहीं रह जाएं, वैज्ञानिक शब्दावली उन्हें आसानी से समझ आये, इसके लिए भी हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ कर एक मजबूत अधोसंरचना तैयार की है, साथ ही अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ करने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का विचार रखा। छत्तीसगढ़ में उन्हें गुरु कहा जाता है क्योकि गुरु वो हैं जो अंधकार से प्रकाश में ले जाएं और हमें सही रास्ता दिखाये, जो जीवन जीने की कला सिखाये, जो हमें सदमार्ग पर ले जाए। इसलिए आज 266 साल बाद भी बाबा जी के विचार हमें रास्ता दिखा रहे हैं। उनके रास्ते पर चलने का मतलब है कि हमें अपनी सामाजिक कुरीतियों को पूरी तरह त्यागना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा ने जो सेवा का मार्ग दिखाया है। उस पर हम चल रहे हैं। हमारे बच्चे सुपोषित हों, इसके लिए हम कार्य कर रहे हैं। हाट-बाजार क्लीनिक के माध्यम से हम गांव-गांव पहुंचकर लोगों का नि:शुल्क उपचार कर रहे हैं। गंभीर बीमारियों के लिए हम मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से इलाज करा रहे हैं। पाटन में शिक्षा का खूब आंदोलन हुआ है और हर गांव में स्कूल हैं। शिक्षा पर ध्यान देने की वजह से यह क्षेत्र लाभान्वित हुआ है और इस ज्योत को आगे जलाये रखना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण विकास और किसानों के लिए जो योजनाएं लाई हैं उसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है।

चक दे इंडिया के नारे के साथ मुख्यमंत्री ने उठाई हाकी विश्वकप की ट्राफी

❒ भारत को विश्व विजेता बनने के लिए मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएँ

❒ मुख्यमंत्री ने किया हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण

❒ मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हुआ स्वागत समारोह

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चक दे इंडिया के नारे के साथ हाकी विश्व कप की ट्राफी उठाई और भारत को विश्व विजेता बनने के लिए शुभकामनाएं दीं है । हॉकी वल्ड ट्रॉफी आज छत्तीसगढ़ पहुंची है । राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्रॉफी का अनावरण किया। हॉकी वल्ड कप की ट्रॉफी को हॉकी इंडिया नई दिल्ली द्वारा देश के विभिन्न 16 राज्यों में भ्रमण कराया जा रहा हैं। अंतिम पड़ाव में यह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंची है। गौरतलब है कि ओडिशा में 13 से 29 जनवरी 2023 तक एफआईएच ओडिशा मेन्स वल्ड कप आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता भुवनेश्वर और राउरकेला में संपन्न होगी।

हॉकी वल्ड ट्रॉफी रायपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में इस ट्रॉफी के स्वागत के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने हॉकी वल्ड ट्रॉफी का अनावरण किया।इस दौरान हाकी में विशेष योगदान देने वाले छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय खिलाडिय़ों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के पौने तीन करोड़ लोगों की ओर से इस खूबसूरत ट्रॉफी का तहेदिल से स्वागत करता हूं। ओडिशा में इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन से छत्तीसगढ़ के लोग भी उतने ही खुश हैं, जितने कि ओडिशा के लोग हैं। इस आयोजन से पूरे देश में उत्साह, उत्सुकता और खुशी का वातावरण है। बघेल ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में सभी खेलों की अधोसंरचनाओं को लगातार मजबूत किया गया है। हमने चार वर्षों में 21 स्पोर्ट्स एकेडमी की स्थापना की है , आज हमारे यहां हॉकी के खिलाडिय़ों के लिए विश्वस्तरीय मैदान और सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए ही छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि खेल प्रतिभाओं को ज्यादा से ज्यादा मौके मिले।

यह पहला मौका है, जब हॉकी वल्ड कप की ट्रॉफी रायपुर आयी है। 23 दिसंबर 2022 को फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा स्टेडियम बेंगलुरू (कर्नाटक) में एक भव्य समारोह में ट्रॉफी को छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी को सौंपा गया था । रायपुर के बाद इस ट्रॉफी को विश्व कप आयोजन स्थल भुवनेश्वर के लिये रवाना किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, संसदीय सचिव रश्मि सिंह , छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप जुनेजा, विधायक सत्यनारायण शर्मा, रायपुर महापौर ऐजाज ढेबर, राजनांदगांव की महापौर हेमा देशमुख, छत्तीसगढ़ हाकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी समेत हाकी के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, प्रदेश के छत्तीसगढ़ हाकी संघों के पदाधिकारी एवं युवा हाकी खिलाड़ी उपस्थित थे।

बेबी एलीफेंट का जन्म उत्सव मनाने जुटा गांव, हाथी का उत्पात रोकने ग्रामीणों ने की पूजा

कोरबा (आरएनएस)। वन मंडल कोरबा के करतला रेंज में लंबे समय बाद पहुंचा 25 हाथियों का झुंड गेंराव पंचायत के बांसाखर्रा से आगे नहीं बढ़ रहा है। हाथियों को भगाने ग्रामीणों ने गांव में पूजा पाठ करने के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया।

ग्रामीणों का कहना था कि झुंड में बेबी एलीफेंट आया होगा। इसकी वजह से हाथी एक ही जगह पर हैं। हाथियों ने बांसाखर्रा में घुसकर शांति बाई के परिजन के मकान को तोड़ दिया और घर के अंदर रखे चावल को भी खा गए। हाथियों ने पाइप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। 15 दिनों से हाथी गांव के आसपास ही घूम रहे हैं। गांव के राजा राम और सुनाऊ राम ने बताया कि इसके पहले कभी हाथी इतने दिन गांव के आसपास नहीं रुके थे। गांव में 22 मकान और आबादी 117 है। छोटा गांव होने से हमेशा डर बना रहता है। इसीलिए सभी ग्रामीणों ने मिलकर पूजा-पाठ करने का निर्णय लिया था। हालांकि वन विभाग ने बेबी एलीफेंट आने की पुष्टि नहीं की है। एसडीओ आशीष खेलवार का कहना है कि हाथियों की निगरानी की जा रही है। ग्रामीणों को हाथियों के आसपास नहीं जाने कहा गया है।

कोयला ट्रांसपोर्टिंग में प्रतिस्पर्धा को लेकर घरघोड़ा के कुडूमकेला में चाकूबाजी

❒ आरोपित और उसके साथी पर हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज

❒ फरार आरोपी चंदनि सिंह को घरघोड़ा पुलिस ने छाल क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा, एक देशी कट्टा, 3 राउंड जब्त

रायगढ़। थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के कोल ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में आपसी प्रतिद्वंद्विता को लेकर थाना छाल क्षेत्र का आदतन बदमाश चंदन सिंह राजपूत उसके साथी बाबू नेपाली के साथ 22 दिसंबर के सुबह कोल ट्रेडिंग, ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े अनुप अग्रवाल को माइंस एरिया में काम नहीं करने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से अनूप अग्रवाल पर हत्या की नियत से वार किया बीच-बचाव में अनुप अग्रवाल के हाथ, उंगलियों में चोंटे आई थी। घटना को लेकर 22 दिसंबर को ही अनुप अग्रवाल द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर थाना घरघोड़ा में आरोपियों पर अपराध क्रमांक 520/2022 धारा धारा 294,506,323,34 भा.द.वि. के तहत अपराध आरोपियों पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर आहत अनुप अग्रवाल का प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट का पुनः क्यूरी कराए। प्राप्त क्यूरी रिपोर्ट के आधार पर मामले में धारा 324, 307 आईपीसी जोड़ा गया और आरोपियों की सघन पतासाजी की गई। दोनों अपने ठिकानों से फरार थे, पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिये दबाव बनाकर इलाके में दबिश दिया जा रहा था कि इसी बीच आरोपी चंदन सिंह राजपूत के छाल क्षेत्र में छिपे होने की जानकारी टीआई घरघोड़ा को मिली, तत्काल टीआई घरघोड़ा पुलिस टीम लेकर छाल में घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिये।

चंदनसिंह राजपूत पिता जयसिंह उम्र 34 वर्ष सा. कैलाश नगर एकता चौक दुर्ग हा.मु. ऐडु राजस्थान होटन के पास थाना छाल जिला रायगढ़ (छ.ग.) ने अपने साथी बाबू नेपाली के साथ घटना को अंजाम देना और अपनी गाड़ियों को कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए पहले कतार में लगाने के नाम पर हुए विवाद में अनुप अग्रवाल कुडेकेला थाना छाल पर चाकू से प्राणघातक हमला करना कबूल किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया है। आरोपी चंदन सिंह राजपूत के सोशल मीडिया में रिवाल्वर के साथ पोस्ट किये गये फोटो के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया। आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा मय मैंगजीन में लगे 03 राउंड मिला है, जिस संबंध में पृथक से आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी के अपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी लिए जाने पर जानकारी मिली है कि आरोपी पर वर्ष 2018 में छाल पुलिस आरोपी चंदन सिंह राजपूत को बलवा सहित अपहरण तथा वर्ष 2022 में मारपीट के अपराध में चालान किया गया है। खरसिया पुलिस द्वारा आरोपी चंदन सिंह राजपूत पर रंगदारी, मारपीट के आधा दर्जन अपराधों के साथ प्रतिबंधक कार्यवाही किया गया है। वहीं पूंजीपथरा पुलिस ने आरोपी को वर्ष 2019 में अवैध शराब तस्करी मामले में कार्यवाही कर चालान किया गया है।

आरोपी की विभिन्न थानों में आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए आरोपी पर पृथक से धारा 110 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की जा रही है। घटना के बाद से फरार आरोपी राजू नेपाली के संबंध में मिल रही जानकारियों पर पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है , जल्द आरोपी पुलिस हिरासत में होगा। एसपी अभिषेक मीणा एवं एएसपी रायगढ़ संजय महादेवा के कुशल दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में घरघोड़ा टीआई हर्षवर्धन सिंह बैस के हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480